तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 27 अगस्त 2025




12 शिक्षा मंत्री का घोड़ारी व पटेवा में हुआ स्वागत



14 तीजा पर्व पर घर लौटीं बेटियों से गुलजार हुए...



## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक आपदा में 8 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के दो प्रकरण में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फिंगेश्वर तहसील के ग्राम पतोरी निवासी 39 वर्षीय सावित्री बाई की 26 फरवरी 2024 को आग में जलने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम परिजन रूपराम उर्फ रूपुराम निषाद को 04 लाख रुपये तथा देवभोग तहसील के ग्राम घुमरागुड़ा निवासी 54 वर्षीय लीलावती पटेल की 25 अप्रैल 2024 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने से मृतिका के निकटतम परिजन रूपसिंग पटेल को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### अमात गोड़ समाज 28 को मनाएगा नवा खाई पर्व

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्रामीण अंचल के ग्रामों में अमात गोड़ समाज फिंगेश्वर राज के आदिवासी लोग पंचमी तिथि दिन गुरुवार 28 अगस्त को नवा खाई पर्व मनायेंगे। इस पर्व पर सभी अमात गोड़ नवा अनाज का भोग भगवान बढ़ादेव को लगाकर प्रसाद ग्रहण करेंगे। उक्त जानकारी राज अध्यक्ष बलदाऊ नेताम द्वारा दिया गया।

### युवक मारपीट, तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**महासमुंद।** श्री श्याम धरमकांटा के पास बिरकोनी में एक युवक के साथ मारपीट करने के मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ महासमुंद कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि कुबेर निर्मलकर के साथ श्रीश्याम धर्मकाटा के पास पुरानी रंजिश को लेकर गांव के दीपक सेन, हेमंत चंद्राकर, बंटी चंद्राकर ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये मारपीट किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब जब्त, एक व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने महुआ शराब की बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहे एक व्यक्ति पर कार्रवाई की है। पुलिस नेबताया कि ग्राम कुटेला से इच्छापुर जाने के मार्ग में एक व्यक्ति एक सफेद रंग की प्लास्टिक जरीकेन में हाथ भट्ठी महुआ शराब बिक्री हेतु ग्राहकों की तलाश कर रहा है। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने देखा कि उक्त व्यक्ति प्लास्टिक की जेरीकेन रखा हुआ था। नाम पता पुछने पर उसने अपना नाम दिनेश सिंह पिता त्रिलोचन सिंह (48 साल) इच्छापुर थाना सरायपाली होना बताया। आरोपी के कब्जे से 4 लीटर हाथ भट्ठी महुआ कीमत 800 रुपए को जब्त कर धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### ट्रेलर से टकराने से पिकअप में बैठे युवक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम घोड़ारी में एक खड़ी ट्रेलर से पिकअप टकरा गया। घटना में पिकअप में बैठे एक युवक की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस को प्रार्थी रामप्रसाद निषाद निवासी ग्राम निसदा थाना आरंग ने बताया कि 22 को उसका लड़का तोरण निषाद मजदूरी करने घोडारी गया था। रात को उसे सूचना मिली कि तोरण का एक्सीडेंट हो गया है और जिला अस्पताल महासमुंद में भर्ती किया गया है। जिला अस्पताल पहुंचने पर तोरण ने उसे बताया कि पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 एनसी 5109 में ग्राम घोडारी से मजदूरी का काम करके वाहन को बरबसपुर छोडने जा रहा था। ओवरब्रिज के आगे ग्राम घोडारी पहुंचा था कि पंकज चाय के सामने खड़े ट्रक ट्रेलर क्र. जीजे 12 बीजेड 0060 से पिकअप टकरा गया जिससे वाहन में बैठे चालक एवं उसे गंभीर चोंट लगना बताया। प्रार्थी ने बताया कि मेरे लड़के को जिला अस्पताल महासमुंद से रेफर करने पर 23 अगस्त वह मेकाहारा रायपुर आगे ईलाज हेतु लेकर गए।

## आज विराजेंगे विघ्नहर्ता गणेश...





**मैनपुर।** नगर और आसपास के क्षेत्रों में गणेश उत्सव पर्व को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। जगह-जगह भव्य पंडाल सजाए जा रहे हैं और तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आज सुबह से ही बड़े शहरों से विभिन्न वाहनों के माध्यम से भगवान गणेश की प्रतिमाएं गांव तक लाई जाती दिखीं। युवा भक्ति और उत्साह में गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगा रहे थे। मैनपुर में मूर्तियां बनाने आए कलाकार उत्तम पाल ने बताया कि उन्होंने इस साल मैनपुर नगर में ही 100 से अधिक गणेश प्रतिमाएं बनाई हैं, जिन्हें दूर-दराज के गांवों में भी ले जाया जा रहा है। यह दर्शाता है कि इस साल गणेश उत्सव को लेकर लोगों में खास जोश है।

### समस्या : कीटनाशक व पोटाश का छिड़काव, फिर भी राहत नहीं

# धान में गगई और तना छेदक का बढ रहा प्रकोप, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में इस समय धान के फसल में प्रमुख कीट तना छेदक एवं गगई की समस्या दिखाई दे रही है। पौधे में तना छेदक से नई पत्तियां मुरझा जाती है और वृद्धि वाले हिस्से मर जाते हैं। इस लक्षण को डेड हाटे कहते हैं। बड़े पौधौ में तरूण लार्वा पत्तियों खासकर पत्ती आवरण में छोटे-छोटे छेद बनाते हैं। इसी प्रकार गगई कीट लार्वा अवस्था धान में प्रकोप करती है, जिसके कारण घाव के समान संरचना पौधा में दिखाई देती है एवं इसके कारण पत्तियां चमकीली चांदी के समान दिखाई देने लगती है। जिससे पौधा की वृद्धि रूक जाती है एवं बालियां में दाने नहीं भरते। लगातार बदली और बारिश के कारण फसलों में आएं कीट प्रकोप के बाद अंचल के किसान बेहद परेशान हैं। क्योंकि विपुल उत्पादन का उसका सपना चकनाचूर हो रहा है। दरअसल बारिश को देखते हुए किसान खेती में पूरी मेहनत लगा दिया है, और खाद टानिक और आवश्यकतानुसार कृषि दवाइयां डालने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।



#### उत्पादन होगा प्रभावित

किसान मयाराम कोमर्रा, दिव्यानंद यादव, परमेश्वर यादव, डुलेश नायक, तुलसी बाई कुर्रे, ताराचंद सोनवानी, वहीं कुडेरादादर से कृष्णा साहू, हूमनलाल ध्रुव, रेमन कुमार नेताम, यशवंत ध्रुव ने कहा कि किट प्रकोप लगने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खरीफ धान फसल पर बीमारियों की काली छाया पड़ने लगी है। बंपर फसल की उम्मीद में मुदित कृषकों के चेहरों पर चिंता की लकीरें गहराने लगी है। हर सोने में तनाछेदक, गगई, जैसे कीड़े लगने सहित अनेक बीमारियां सामने आ रही है। किसान फसल बचाने दवा, पोटाश का छिड़काव कर रहे फिर भी राहत नहीं मिल रही। ऐसे समय में बीमारी किसानों की नींद उडा रहीं हैं। कीटनाशक छिड़काव के बाद भी राहत नहीं मिल रहा। समस्या जस की तस बनी हुई है। यही हाल रहा तो बालियां कम आएगी और उत्पादन प्रभावित होगा।

#### मौसम की मिजाज ने बढ़ाई किसानों की चिंता धान के फसल में तना छेदक होने की संभावना

**महासमुंद।** मौसम की मिजाज से इन दिनों जिले के किसानों की चिंता बढ़ी हुई है। मौसम में नमी के चलते धान की फसलों पर इन दिनों तनाछेदक नामक बीमारी लगने की आशंका है। इससे चिंतित किसान बीमारी लगने से बचाने के लिए दवा का छिड़काव कर रहे। धान की बाली का ग्रोथ डेढ़ से दो फीट होते ही तनाछेदक अपना कहर बरपाना शुरू कर देता है। वर्तमान मौसम कीड़ों के लिए अनुकूल साबित हो रहा है जिसने कृषकों की चिंता बढ़ा दी है। बता दें कि जिले के 2 लाख 65 हजार हेक्टर जमीन पर किसान धान सहित अन्य फसलों की पैदावार लेते हैं। किसान खरीफ की फसल में प्रमुख रूप से धान की खेती कर रहे हैं। सावन के प्रथम पखवाड़े में पर्याप्त बारिश होने के बाद बोआई, रोपाई का काम पूरा कर चुके हैं और जैसे ही भादो में हो रही बारिश के बाद खेतों में धान की फसल लहलहाने लगी है, वैसे ही फसलों पर तनाछेदक नामक कीट का प्रकोप लगने की आशंका है। मौसम के मिजाज एवं फसलों पर इन दिनों तनाछेदक बीमारियों के होने के संभावना के चलते किसानों की परेशानी बढ़ गई है।

## मैनपुर में खुले बिजली के सर्किट बॉक्स बना खतरा, विभाग बेखबर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिजली विभाग द्वारा मैनपुर नगर सहित क्षेत्र में जगह-जगह लगाए खुले सर्किट बाक्स जमीन से काफी नीचे है और आए दिनों सर्किट बाक्स में चिंगारी निकलती रहती है। कहीं आग लग रही है, कभी भी गंभीर दुर्घटना घट सकती है। इन दिनों बारिश प्रारंभ होते ही जमीन गीला रहता है और सर्किट बॉक्स के आसपास घासफुस उग गए हैं जहां मवेशी व अन्य जानवर चरते नजर आते है। इन सर्किट बॉक्स जो खुले पड़े है उसे कवर लगाना जरूरी है कोई गंभीर दुर्घटना हो इससे पहले बिजली विभाग को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। मैनपुर नगर सहित मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में जगह-जगह सर्किट बॉक्स और बिजली के तार जमीन से झुल रहे है जो दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। क्षेत्र के लोगों ने कई बार खुले सर्किट को बॉक्स में लगाने की मांग कर चुके है लेकिन कहीं -कहीं पर बॉक्स लगाया गया है लेकिन सर्किट को अलग जगह लगा दिया गया है इसलिए खुले सर्किट बॉक्स किसी बम से कम नहीं न पर्याप्त उंचाई है और न ही सुरक्षा घेरा। राहगीरों, बच्चों और मवेशियों के लिए कभी भी गंभीर दुर्घटना के कारण बन सकते हैं। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी दिया जा चुका है लेकिन अब तक सर्किट बॉक्स लगाने गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं शायद विभाग कोई गंभीर दुर्घटना का इंतिजार कर रहा है। 1 मैनपुर बस स्टैण्ड शिव ▶▶|शेष पेज 12 पर

## करकरा में इतवारी तिहार का समापन पर राम नाम सप्ताह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)



ग्राम करकरा में इतवारी तिहार के समापन के उपलक्ष्य में, रविवार, 24 अगस्त को पूरे गांव में 24 घंटे का राम नाम सप्ताह आयोजित किया गया। इस धार्मिक आयोजन में समस्त ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपना पूरा सहयोग दिया, जिससे गांव में भक्तिमय वातावरण छा गया।

इस सफल आयोजन में ग्राम के कई प्रमुख व्यक्ति और वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उपस्थित लोगों में सरपंच बहुरसिंह दीवान, उप-सरपंच लाल बहादुर यादव, पंच शीतल निषाद, ग्राम पटेल मूलचंद निर्मलकर, ग्रामीण अध्यक्ष भूषण पटेल, ओमप्रकाश साहू, परदेशीराम और अन्य ग्रामीण शामिल थे। इस तरह के आयोजनों से न केवल धार्मिक आस्था को बढ़ावा मिलता है, बल्कि यह सामुदायिक एकता और आपसी सौहार्द को भी मजबूत करता है।

## मड़ेली में राम नाम सप्ताह का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

ग्राम मड़ेली में इतवारी तिहार के समापन के अवसर पर रविवार को 24 घंटे के राम नाम सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण छा गया। कार्यक्रम के दौरान गांव के ग्रामीणों ने टोलियां बनाकर रात भर गीत-संगीत के साथ राम नाम का भजन किया। समापन के दिन, ओडिशा के आमानारा से आई एक टोली ने मांदर की धुन पर भजन प्रस्तुत किया, जिसने सभी का मन मोह लिया। रामायण और लीला मंडली के कलाकारों ने ऑर्गन, निशान, पैड, ढोलक, झांझ, मंजीरा और करताल जैसे वाद्य यंत्रों के साथ भक्तिमय प्रस्तुति दी। इस आयोजन के चलते गांव में सभी



कामकाज बंद रहे। कार्यक्रम का समापन यज्ञ और हवन के साथ हुआ। इस सफल आयोजन में गांव के अनेक ग्रामीणों ने सहयोग किया, जिनमें ग्रामीण अध्यक्ष जोहत राम सिन्हा, तुकेश्वर ठाकुर, भाव सिंह बैगा, दिनबंधु ठाकुर और अन्य शामिल थे।

### रजत जयंती के तहत हो रहे विभागीय कार्यक्रमों की ली जानकारी

# 334 आदिवासी गांवों में आदि सेवा केंद्र की होगी स्थापना : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर

कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने मंगलवार सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने आदिवासी विकास विभाग द्वारा आदि क र्म यो गी अभियान की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले के 334 आदिवासी बाहुल्य गांवों में आदि सेवा केन्द्र की स्थापना की जाएगी। यह योजना जनजाति समुदायों के अंतिम व्यक्ति तक विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लागू की जा रही है। उन्होंने रजत जयंती समारोह की तैयारियों की भी समीक्षा की और सभी विभागों को विशेष उपलब्धियों के साथ कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में समय-सीमा में डेटा अपलोड करने और ई-ऑफिस का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में उन्होंने शासकीय कार्यालयों में अनुपयोगी सामग्रियों का अपलेखन कराने के निर्देश दिए। पीएम जनमन योजना अंतर्गत निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासों को 31 अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बहुद्देशीय केंद्रों की प्रगति की भी जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि जिन सहकारी समितियों में खाद की कमी है, वहां शासन से प्राप्त खाद को तुरंत किसानों को वितरित करें। निजी दुकानों पर अवैध खाद भंडारण की शिकायत पर कार्रवाई सुनिश्चित करें और सभी अनुविभागीय अधिकारी दुकानों का नियमित निरीक्षण करें। कलेक्टर ने कृषि विभाग की समीक्षा में डिजिटल क्रॉप ▶▶|शेष पेज 12 पर

■ आवारा पशुओं की रोकथाम के लिए सतत निगरानी के निर्देश

#### कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक





## ईद मिलादुन्नबी का जश्न, रजा मस्जिद सहित पूरा नगर रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है, जिससे मुस्लिम समुदाय के लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के उपलक्ष्य में, रजा मस्जिद को आकर्षक बिजली की झालरों से सजाया गया है, और मुस्लिम समुदाय के लोग अपने घरों को भी सजा रहे हैं। पर्व को लेकर उत्साह इतना अधिक है कि रजा मस्जिद और मुख्य मार्गों को विशेष रूप से सजाया गया है। रविवार से ही मस्जिद में मौलाना सिब्तैन साहब द्वारा 'नुरानी तकरीर' का आयोजन किया जा रहा है, जो 05 सितंबर तक चलेगा। ईद मिलादुन्नबी के दिन, परचम कुशाई (झंडा फहराने) के बाद हर साल की तरह इस साल भी एक भव्य जुलूस निकाला जाएगा। मुस्लिम समाज के युवाओं, जैसे जाहिद रजा, अजहर मेमन, कादिर मेमन, हाजी गफ्फार मेमन, और अन्य ने इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लिया है। मस्जिद में तकरीर और नात प्रोग्राम के साथ-साथ बच्चों के लिए कई कार्यक्रम और पुरस्कार भी रखे गए हैं। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह सामुदायिक सौहार्द और एकता को भी दर्शाता है। मैनपुर में ईद मिलादुन्नबी का यह भव्य आयोजन पूरे नगर को रोशनी और खुशी से भर रहा है।



## खबर संक्षेप

### सिरको में विष्णु भगवान का विराट पूजा

**बसना।** फुलझर क्षेत्र में 12 घंटे लगातार चलने वाली पूजा विराट पूजा जो वर्ष में एक बार की जाती है। गाय, बैलों से लेकर बकरी भेड़ तक के लिए पूजा की जाती है। जीवों के पैर में खुर में होने वाली बीमारी तक के लिए रोग निवारक को ध्यान में रख कर की जाती है। 190 पेज का धार्मिक ग्रंथ विराट पर्व गायन कर पूजा पूर्ण की जाती है। ग्रामीण मंच में ग्रामवासी पूजा अर्चना कर भगवान को समर्पित रहते हैं। इस दिन कृषि, मजदूरी बंद कर सभी श्रद्धा भाव में समर्पित रहते हैं। मान्यता ऐसी की पूजा से सभी जीवों का कल्याण पूजा का उद्देश्य गांव में प्रत्येक जीवों के सुख समृद्धि रोग निवारक के लिए की जाती है।

### जिला क्रिकेट टीम चयन के लिए तिथियां घोषित

**महासमुंद।** छग राज्य क्रिकेट संघ ने वर्ष 2025-26 के लिए जिला क्रिकेट टीम के चयन की तिथियां घोषित कर दी हैं। जिसके तहत महासमुंद जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में अंडर-19 का ट्रायल 31 अगस्त को आयोजित किया जाएगा, जिसमें एक सितंबर 2007 से पूर्व के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। अंडर-23 और सीनियर ग्रुप का ट्रायल सात सितंबर को होंगे। अंडर-23 के लिए कट-ऑफ डेट एक सितंबर 2003 से 31 अगस्त 2007 के बीच है। अंडर-16 का 14 सितंबर को ट्रायल होगा। जिसमें एक सितंबर 2010 से 31 अगस्त 2012 के बीच के खिलाड़ी शामिल हो सकेंगे।

### पड़कीपाली में ऋषि पंचमी महापर्व कल

**बागबाहरा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जय मां काली सेवा समिति पड़कीपाली के सभी भक्तों द्वारा ऋषि पंचमी महापर्व मनाया जा रहा है। 28 अगस्त 2025 गुरुवार को गुरु परंपरा एवं वैदिक पद्धति से पूजा अर्चना कर रामायण एवं महाप्रसादी भंडारा का कार्यक्रम रखा गया है। सभी श्रद्धालुओं को कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### लाफिनकला में तीजा महोत्सव आज

**महासमुंद।** विविध आयोजनों के लिए चर्चित ग्राम लाफिनकला में इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरागत त्यौहार तीजा पोला को विशेष रूप से मनाने तीजा महोत्सव का आयोजन 27 अगस्त बुधवार को किया जाएगा। ग्राम लाफिनकला के शांति चौक में तीजहारिनों के लिए विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई है। जिसमें दीपक जलाओ प्रतियोगिता से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके अलावा महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़, फुगड़ी, मटकी फोड़, रस्सा कसी, लोटा दौड़, गुब्बारा फोड़ो, पर्ची उठाओ बोलकर दिखाओ, प्रश्न मंच व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सदस्यों का कहना है कि सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक समरसता व विविध प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभाओं को निखरने का अवसर प्रदान करना है। साथ ही अलग अलग गांव में ससुराल जाने से सभी लोग आपस मे मिल नही पाते जिसे ध्यान में रखते हुए तीजा महोत्सव का आयोजन विगत चार वर्षो से किया जा रहा है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा।

**दौरा :** जिले के प्रवास पर रहे प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव

# शिक्षा मंत्री यादव का बसना आगमन पर किया गया गर्मजोशी से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

स्कूल शिक्षा, ग्राम उद्योग एवं विधि विधायी मंत्री गजेंद्र यादव के प्रथम बसना नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल एवं सांसद रूपकुमारी चौधरी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली, आतिशबाजी एवं पुष्प वर्षा के साथ मंत्री का अभिनंदन किया।

सबसे पहले मंत्री यादव ने स्थानीय पत्रकारों का सम्मान करते हुए कहा कि बसना मेरा पहला दौरा है, आप सभी ने इतनी अधिक संख्या में उपस्थित होकर मेरा सम्मान किया, इसके लिए मैं तहेदिल से आभार व्यक्त करता हूँ। पत्रकार वार्ता में उन्होंने पूर्व शासनकाल पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों के शिक्षकों को बड़ी संख्या में शहरी क्षेत्रों में स्थानांतरित कर शिक्षा व्यवस्था को बिगाड़ा गया था। वर्तमान सरकार युक्तियुक्तकरण



नीति के माध्यम से इस अव्यवस्था को दुरुस्त कर रही है तथा भविष्य में ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षकों का शहरी क्षेत्रों में ट्रांसफर नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षक कवि प्रेमचंद साव की कृति प्रेम की पाती का विमोचन भी मंत्री यादव के हाथों किया गया। इसी कड़ी में मंत्री गजेंद्र यादव ने बसना विकासखंड के फुलझर राज झेरिया यादव समाज द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री का दायित्व ग्रहण करने के बाद यह उनका पहला सार्वजनिक कार्यक्रम है और यादव समाज के बीच आना उनके लिए गर्व की बात है।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्राम भूकेल में सामुदायिक भवन के लिए 20 लाख और पांच गांवों में अहाता निर्माण के लिए 50 लाख रुपए की घोषणा की। इस प्रकार कुल 70 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी गई। मंत्री यादव ने उपस्थित महिलाओं को तीजा पर्व की शुभकामनाएं दीं और मटकी फोड़कर जन्माष्टमी महोत्सव की बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने मंत्री यादव को यादव समाज का गौरव बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में शिक्षा विभाग नई ऊंचाइयां हासिल करेगा। वहीं विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने मंत्री के प्रथम बसना आगमन को ऐतिहासिक बताते हुए विश्वास जताया कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए नए अध्याय की शुरुआत होगी।

## शिक्षा मंत्री का घोड़ारी व पटेवा में हुआ स्वागत



**महासमुंद।** जिले के बसना प्रवास पर पहुंच रहे स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का नदी मोड़ घोड़ारी में यादव समाज द्वारा राजू यादव प्रदेश अध्यक्ष यादव समाज राजनीति प्रकोष्ठ के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भगत यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, सोहन लाल यादव अध्यक्ष महासमुंद, लीलाधर यादव अध्यक्ष भोरिंग, पुष्कर यादव, बेद राम यादव, जनक यादव, खिलावन यादव, नरसिंग यादव, साहस राम यादव, हर्ष यादव सुनील यादव, सारिका यादव महिला जिला प्रभारी, कुमारी यादव महिला जिला सहप्रभारी, उपासना यादव, रंजना यादव, रानी यादव, ललिता, पार्वती, निधि डिम्पल मिनी यादव सहित बड़ी संख्या सामाजिकजन उपस्थित रहे। वहीं पटेवा में प्रीतम यादव जिलाध्यक्ष, मनोज यादव जिला महासचिव, भेखराम यादव अध्यक्ष बागबाहरा, चेक यादव अध्यक्ष बार, राहुल यादव युवा जिलाध्यक्ष, हेमलाल यादव, छगन यादव सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के पदाधिकारियों ने स्वागत किया।



### शिक्षा मंत्री ने प्रेम की पाती पुस्तक का किया विमोचन

**बसना।** मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण प्राप्त, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अरेकेल के शिक्षक प्रेमचंद साव प्रेम द्वारा लिखित मानवतावाद, सेवाभाव, राष्ट्रप्रेम और मानवीय संवेदनाओं को उजागर करने की अलौकिक झलक दिखलाती पुस्तक गीत संग्रह प्रेम की पाती का विमोचन लोकसभा सांसद रुपकुमारी चौधरी, बसना विधायक डॉ.संपत अग्रवाल की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर गीत संग्रह प्रेम की पाती के प्रकाशन पर बधाई देते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि इन सबमें मुझे एक समर्पित शिक्षक की पुण्य भावनाओं की एक शुभ्र लहर दिखती है, जो आपके शैक्षणिक क्षेत्र एवं साहित्यिक पहचान को रेखांकित करेगी। यह गीत संग्रह मानवता और अध्यात्म से दूर होते लोगों को पुनः मानवता धर्म से जुड़ने का अवसर प्रदान करेगा। बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कवि के व्यक्तिगत तृतीय काव्य संग्रह प्रेम की पाती गीत संग्रह की प्रशंसा करते हुए कहा कि निश्चित ही यह पुस्तक हमारे मानव समाज के लिए उपयोगी व ज्ञानवर्धक सिद्ध होगी। हमारे सत्य सनातन धर्म एवं मानवता के भावों को अपने आप में समेटे, भारतीय संस्कृति, संस्कार, रीति-रिवाज एवं परिपाटियों को उजागर करती यह पुस्तक सफलता के शिखरों पर निश्चित ही पहुंचेगी, जिसका प्रतिफल पाठकों को भी अवश्य प्राप्त होगा। सांसद रुपकुमारी चौधरी ने भी प्रेम की पाती गीत संग्रह के लिए कवि को बधाई देते हुए कहा कि आपके लेखनी इसी तरह भविष्य में भी मानवता की कल्याण हेतु काव्य सृजन करते रहें। शिक्षक प्रेमचंद साव साहित्य लेखन में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने के साथ ही साथ विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों एवं नवाचारों के लिए जाने जाते हैं। साहित्य लेखन व शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सैंकड़ों पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। शुभदा प्रकाशन द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक में भूमिका लेखन छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध व लोकप्रिय कवि डॉ. पीसीलाल यादव, शुभानुशंसा-आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री भारत सरकार तोखन साहू, बसना विधायक डॉ.संपत अग्रवाल, राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक व साहित्यकार रमेश कुमार सोनी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुड़केल के प्राचार्य बलदेव मिश्रा, संभागीय लेखा अधिकारी जगत राम साव, कला कौशल साहित्य संगम जनसेवा संस्थान छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष कौशल महंत द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित किया गया है। गीत संग्रह सृजन के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुए कवि व शिक्षक प्रेमचंद साव ने कहा हमें चाहिए कि अपने जीवन काल में कुछ तो ऐसा करें जिससे मानवता के भावों को जीवित रहने हेतु बल मिले, इसलिए मेरा छोटा सा प्रयास प्रेम की पाती के रूप में पाठकों को पसंद आएगा।

## सेजेस परिसर में तीजा पर्व पर 35 पौधों का रोपण, संरक्षण का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

पीएमश्री सेजेस बसना स्कूल परिसर में तीजा पर्व पर एक संवेदनशील और उत्साहपूर्ण वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल में 35 पौधों का रोपण प्राचार्य केके पुरोहित के मार्गदर्शन में, योगेश कुमार बढ़ाई के नेतृत्व में किया गया।

इस कार्यक्रम की सबसे खास पहल थी –एक पेड़ मां के नाम पर नामक संवेदना से प्रेरित वृक्षारोपण, जिससे न केवल पर्यावरण को लाभ हुआ बल्कि मातृत्व और भावनात्मक जुड़ाव की दृष्टि से भी यह महत्वपूर्ण रहा। वृक्षारोपण में सहयोग के लिए विशेष रूप से नवीन कुमार साव और चित्रानंद सागर का उल्लेखनीय योगदान रहा। साथ ही उपस्थित छात्र आदेश प्रधान, तेंमेद्र सिंह ध्रुव, योगराज बग़रती, जितेश पटेल, और उफ़ैद रजा खान ने पूरे उत्साह और संवेदना के साथ इस पहल को सफल बनाया। वृक्षारोपण करने के लिए प्राचार्य केके पुरोहित ने सभी शिक्षकों, सहयोगियों और छात्रों का आभार व्यक्त करते हुए इस पहल की सराहना की और हर्ष व्यक्त किया।

इस तरह की पहल शिक्षा संस्थानों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति सचेतता बढ़ाने के साथ-साथ भावनात्मक और सामाजिक जागरूकता भी जागृत करती हैं।

## रेडक्रॉस कैंप हरियाणा में बागबाहरा के दो छात्र महासमुंद जिले के प्रतिनिधि के रूप में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

प्राचार्य डॉ. रश्मि मिंज एवं जिला संगठक रेडकॉस डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी के मार्गदर्शन में शासकीय खे.ल. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा के दो वालिंटियर्स छात्र धनेश लहरे एवं जयप्रकाश नेताम इंटर स्टेट यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप (22 से 28 अगस्त 2025) कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में भाग ले रहे है।

यह शिविर पंजाबी धर्मशाला, ब्रह्म सरोवर, कुरुक्षेत्र में आयोजित हो रहा है। प्रस्थान से पूर्व दोनों वालिंटियर्स ने कार्यालय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा महासमुंद में




जिला संगठक एवं राज्य प्रतिनिधि डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी तथा कार्यालय प्रभारी तेजलाल देवांगन से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी ने उन्हें सफल एवं सुखद प्रशिक्षण की शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय के रेडक्रॉस प्रभारी गजानंद बुडेक सहायक प्राध्यापक वाणिज्य ने बताया कि 22 से 28 अगस्त 2025 तक आयोजित इस शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य रेडक्रॉस की 24 सदस्यीय टीम भाग ले रही है। इसमें दो काउंसलर एवं विभिन्न जिलों से आए यूथ रेडक्रॉस वालिंटियर्स सम्मिलित हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य की 24 सदस्यीय टीम में विशेष प्रशिक्षण/शिविर में भाग लेने के लिए टीम में 2 काउंसिलर बालाराम साहू, आकाश गिरि गोस्वामी एवं 22 वालिंटियर्स शामिल हैं। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक शिव गोपाल रात्रे, बीरेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ.कृष्ण कुमार साहू, एकता मक्कड़, धनुर्जय साहू, डॉ. खिलावन पटेल, डॉ.लक्ष्मण सिंह साहू प्रमुख ग्रंथपाल, पालन कुमार दीवान क्रीड़ाधिकारी, समस्त अतिथि व्याख्याता, रेडक्रॉस के वालिंटियर ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### अंडर-19 का ट्रायल 30 को

**जगदलपुर।** बस्तर जिला क्रिकेट संघ द्वारा बस्तर जिले के टीम के लिये ट्रायल 30 अगस्त को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस क्रिकेट स्टेडियम कालीपुर में प्रातः 9 बजे से होगा। अंडर-19 का कटआफ 1 सितम्बर 2007 रहेगा। चयनकर्ता प्रदीप गुहा, शाहिद खान, रविन्द्र ठाकुर, विवेक राय, टोनी बारला होंगे।

## पचरी सोसाइटी में आमसभा का आयोजन, योजनाओं को दी गई जानकारी

**पटेवा।** सहकारी समिति पचरी में विगत दिनों आम सभा आयोजित किया गया। जिसमें समिति के प्रतिवेदन, बजट के साथ सीएसपीसीपी ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। जिसमें कृषकों को पैक्स कंप्यूटराईजेशन, सीएससी, माईको एटीएम, कृषि उपकरण ऋण, शून्य प्रतिशत में केसीसी ऋण, नए सदस्य बनने अऋणी से ऋणी सदस्य, आईएमपीएस, एनईएफटी,



आरटीजीएस, नैनो डीएपी, जन औषधि दवाई से फायदे के बारे में बताया गया। प्राविधिक अधिकारी टीकाराम पटेल, समिति प्रबंधक डोलनारायण पटेल, ऑपरेटर गजानंद पटेल, विक्रेता टीकाराम ध्रुव, राजेश्वसर ध्रुव, प्रोसेसर हेमराज ध्रुव, दैनिक कर्मचारी खिलेश्वणर ध्रुव, देवकुमार ध्रुव, सदस्यट चद्धुशेखर पटेल, रामेश्वसर पटेल, चंदन पटेल, होरी पटेल, खुगेश्विर पटेल, डंगसाराम, हीरालाल दीवान, हीरालाल पटेल, भोमेंद्र समेत अनेक किसान उपस्थित रहे।

## सफाई मित्रों के साथ दुर्व्यवहार किया जाना अमानवीय कृत्य : नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** शहर को साफ एवं स्वच्छ बनाने में सफाई मित्रों का प्रमुख योगदान है। हम सभी नगरजनों का यह दायित्व है कि हम उनके काम व समर्पण का सम्मान करें। ऐसे में सफाई मित्रों के साथ दुर्व्यवहार किया जाना अमानवीय कृत्य है। उक्त विचार नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड क्रमांक 13 में एक नागरिक द्वारा सफाई मित्र के साथ किए गये गाली गलौज, दुर्व्यवहार की बात सामने आने पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा है कि प्रायः देखने सुनने में आता है कि नगर पालिका के सफाई मित्र, सफाई कर्मचारी के साथ नागरिक



सभ्यता से पेश नहीं आते। कचरा कलेक्शन करने वाले सफाई मित्र अक्सर उपेक्षित और सामाजिक बाधाओं का सामना करते हैं। नागरिकों को उनकी सहायता करनी चाहिए तथा उनके साथ दया और सम्मान का भाव रखना चाहिए। साहू ने कहा कि कचरा संग्रहकर्ता भी इंसान हैं और उन्हें उचित सम्मान और व्यवहार का अधिकार है। सफाई मित्र शहर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनके काम को हल्के में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि कचरा कलेक्शन करने वाले सफाई मित्रों को गीले और सूखे कचरे को अलग- अलग देवे तथा सैनिटरी नैपकिन या टूटे हुए कांच जैसी खतरनाक वस्तुएं कूड़ेदान में खुलेआम न फेंके। सभ्य समाज में इस तरह अमानवीय घटनाएं स्वीकार्य नहीं है।

# आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल में मनाया गया संस्कृत दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल में संस्कृत भाषा सप्ताह के अंतर्गत संस्कृत दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संकुल केंद्र सोरिद के प्राचार्य सुखेंद्र द्विवेदी, सेजेस नयापारा के प्राचार्य अमी रूफस, राज्यपाल पुरस्कार से पुरस्कृत व्याख्याता प्रमोद कुमार कन्नौजे, सेजेस हिंदी माध्यम के प्रभारी केआर सागर, जीआर टांडेकर द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर, संस्कृत प्रार्थना के साथ किया गया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा आकर्षक पोस्टर बनाकर संस्कृत दिवस की महत्ता का संदेश दिया। छात्रों ने संस्कृत में भाषण, गीत एवं श्लोक का सस्वर वाचन किया। स्वामी आत्मानंद के प्राचार्य अमी रूफस ने इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृत प्राचीनतम भाषा है। संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है। हमारा देश संस्कृत भाषा का देश है। आज कल के विद्यार्थी संस्कृत भाषा में रूचि नहीं ले रहे हैं, ऐसा नहीं है कि संस्कृत भाषा पढ़ने से आगे भविष्य नहीं है। उन्होंने संस्कृत भाषा की महत्ता को उदाहरण सहित समझाते हुए अपने पढ़ाई के दौरान उनकी सहेली जिन्होंने संस्कृत भाषा का अध्ययन किया और कुछ ही समय में अपने संस्कृत के एचओडी बन गई। आज भी बहुत सारे विभाग ऐसे



हैं, जिनमें संस्कृत का पद रिक्त रह जाता है। हमें आवश्कता है कि संस्कृत भाषा को बढ़ाने के लिए हम प्रयास करें। उन्होंने कहा कि संस्कृत का दिवस मनाने की आवश्कता पढ़ रही है। संकुल प्राचार्य सुखेंद्र द्विवेदी ने भी संस्कृत भाषा की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्कृत क्यों, संस्कृत किस लिए, संस्कृत में क्या है, और संस्कृत के अपनाने से क्या लाभ होता इस बात की महत्ता विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि संस्कृत का एक-एक शब्द हमारे और आपके जीवन से जुड़ा हुआ है। संस्कृत देवों की भाषा है, हमारे प्राचीन ग्रंथ गीता, महाभारत, रामायण वेद सभी संस्कृत भाषाओं में उपलब्ध है। संस्कृत को वैज्ञानिकता से जोड़ते हुए कहा कि विज्ञान में भी हमारे संस्कृत के ज्ञाताओं को बड़ा योगदान है। प्रमोद कुमार कन्नौजे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्कृत भाषा भारतीय संस्कृति की आत्मा है। हमारे प्राचीनतम संस्कृत भाषा के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार से जुड़ा हुआ है। संस्कृत भाषा का संरक्षण विद्यार्थियों और समाज में संस्कृत के प्रति रूचि जागृत कर इस देवों की भाषा को जीवित रखना है। उन्होंने कहा कि संस्कृत श्लोकों, कहानियों, नाट्य, गीत, और भाषणों के माध्यम से भारत की गौरवशाली संस्कृति का अनुभव कराना। केआर सागर ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए हमें अपने संस्कृति और संस्कृत को जीवन में अपनाने की बात कही। कार्यक्रम का समापन संस्कृत प्रार्थना के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन बारी-बारी से सुखेंद्र द्विवेदी एवं प्रमोद कुमार कन्नौजे ने किया।

## पेज 11 के शेष...

### मैनपुर में खुले...

मंदिर के सामने बिजली ट्रांसफार्मर के आसपास हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है, ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने भी खुले सर्किट बॉक्स में दो माह पहले एक मवेशी करंट से चिपक कर मौत हो चुकी है। 2 मैनपुर नदीपारा मार्ग में तालाब के किनारे मोड़ में ही बहुत नजदीक में खुले सर्किट लगा हुआ है और बिजली के नंगे तारो में करंट दौड़ रहा है। मैनपुरकला में दो स्थानो पर एवं पंडरीपानी में भी खुले सर्किट बॉक्स दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है इसी तरह मैनपुर क्षेत्र के आसपास के ग्रामों में यहां तक की स्कूलों के नजदीक भी खुले सर्किट बॉक्स दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है इस ओर विभाग क्यो ध्यान नही दे रहा है समझ से परे हैं।

### 334 आदिवासी गांवों...

सर्वे के काम को तेज गति से करने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्रहण केन्द्रों में भंडारित धान का शत-प्रतिशत उठाव करने के भी निर्देश दिए। आवारा पशुओं की समस्या को लेकर उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि पशु मालिकों पर अपने पशुओं को सड़क पर खुला छोड़ने पर जुर्माना लगाया जाए। पंचायत स्तर पर पशुओं को रखने की स्थानीय व्यवस्था बनाई जाए। **मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच करें-** कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को स्कूल छात्रावास और आंगनबाड़ी केन्द्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में शिक्षक समय पर उपस्थित रहें और मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की जाए। बैठक में समय-सीमा में प्राप्त पत्रों की समीक्षा, जनशिकायत निवारण और लोक सेवा गारंटी अधिनियम की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

**खबर संक्षेप**



### नए मंत्री गजेंद्र का यादव समाज ने किया स्वागत

**रायपुर।** यादव ठेठवार समाज ने दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव को छत्तीसगढ़ शासन में मंत्री बनाए जाने पर राज्य सरकार का आभार जताया है। पिछले कई वर्षों से यादव समाज अपने समाज को प्रतिनिधित्व देने की मांग को लेकर सक्रिय रहा है। समाज के वरिष्ठ नेताओं ने इस संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से भी मुलाकात की थी। साथ ही प्रदेश स्तरीय धरना-प्रदर्शन की तैयारी भी की गई थी। आश्वासन मिलने के बाद धरना-प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया था। यादव ठेठवार समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि कैबिनेट मंत्री पद की शपथ लेने से पहले श्री यादव ने पुरानी बस्ती स्थित दूधाधारी मठ में श्रीराम दरबार के समक्ष माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर यादव समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। श्री यादव को मंत्री बनाए जाने पर यादव ठेठवार समाज के प्रदेश अध्यक्ष गुलेंद्र यादव, उपाध्यक्ष हरीश यादव, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष परमानंद यादव, महासचिव नरोत्तम यदु, कोषाध्यक्ष पुष्कर यादव समेत समाजजनों ने हर्ष जताया है।

### चर्लापल्ली साप्ताहिक स्पेशल का परिचालन 27 नवंबर तक बढ़ा

**रायपुर।** यात्रियों की बढ़ती मांग और भीड़भाड़ को कम करने के उद्देश्य से दक्षिण मध्य रेलवे ने चर्लापल्ली–रक्सौल–चर्लापल्ली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (संख्या 07005/07006) की सेवाओं को 27 नवम्बर 2025 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन अपने मौजूदा ठहराव, समय सारिणी और संरचना के अनुसार ही संचालित होती रहेगी। इस निर्णय के तहत गाड़ी संख्या 07005 चर्लापल्ली–रक्सौल स्पेशल 06, 13, 20, 27 अक्टूबर एवं 03, 10, 17, 24 नवम्बर 2025 को चर्लापल्ली से चलेगी, वहीं गाड़ी संख्या 07006 रक्सौल–चर्लापल्ली स्पेशल 09, 16, 23, 30 अक्टूबर एवं 06, 13, 20, 27 नवम्बर 2025 को रक्सौल से प्रस्थान करेगी। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 24 कोच रहेंगे, जिनमें 01 प्रथम वातानुकूलित, 03 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी (2-टियर), 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी (3-टियर), 12 स्लीपर क्लास, 04 सामान्य श्रेणी और 02 सीटिंग कम लगेज रेक शामिल हैं।

### नेत्र जांच शिविर में 70 लोगों ने कराया चेकअप

रायपुर। महावीर नगर गुरुद्वारा परिसर में स्थित क्लीनिक में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर छत्तीसगढ़ सिख ऑफिसर्स एसोसिएशन और एमजीएम नेत्र संस्थान की नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा साहू व उनकी टीम द्वारा लगाया गया। शिविर में 70 लोगों की आंखों जांच की गई। इस मौके पर डॉ. पूजा ने बताया कि शिविर में जांच के दौरान नेत्र रोगों की जांच के बाद चश्मा लगाने, मोतियाबिंद ऑपरेशन कराने की सलाह दी और नेत्रों की नियमित अच्छी देखभाल की जानकारी देते हुए निशुल्क दवाएं दीं। इस अवसर पर एसोसिएशन की मेडिकल कमेटी के चेयरमैन डॉ. कुलदीप सिंह छाबड़ा ने शिविर में आए मरीजों की जांच की और उन्हें चिकित्सा परामर्श दिया।

### शिवसेना प्रतिनिधियों से डीआरएम ने मिलने से किया इंकार

**रायपुर।** ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बीच सौहार्द्रता के बीच तीजा पोरा तथा नुआखाई पर नई ट्रेन या ट्रेन में अतिरिक्त कोच जोड़े जाने, साथ ही स्टेशनों पर साफ-सफाई सहित कई मुद्दों को लेकर शिवसेना के प्रतिनिधियों ने रायपुर रेलवे के डीआरएम से मिलने का समय मांगा था। जहां डीआरएमएस के निज सचिव एएस दण्डवते ने प्रतिनिधियों को डीआरएम से मिलने नहीं दिया। वहीं शिवसेना के प्रदेश महासचिव संजय नाग एवं प्रमोद साहू ने आरोप लगाते हुए कहा की कर्मचारियों का हर 3 साल में स्थानांतरण कर दिया जाता है। फिर भी निज सचिव दण्डवते विगत 10 वर्षों से अधिक समय से पदस्थ हैं।

# नवा रायपुर में विश्व स्तरीय फिश एक्वेरियम हाऊस बनाने का विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कृषि एवं मछली पालन मंत्री रामविचार नेताम ने मछलीपालन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में विभिन्न किस्मों की मछलियों का उत्पादन हो रहा है, इसमें बस्तर का झींगापालन भी शामिल है। उन्होंने मछलियों के उत्पादन में वृद्धि करने के साथ ही नवा रायपुर अटल नगर में विश्वस्तरीय फिश एक्वेरियम हाऊस बनाने के संबंध में अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इसके लिए विभागीय अधिकारियों के दल को चंडीगढ़, गुजरात एवं अन्य राज्यों में अध्ययन के लिए भेजकर परियोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने हर जिले में दो-दो फिश प्रदर्शन तालाब बनाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। पशुधन एवं मछलीपालन मंत्री रामविचार नेताम ने सोमवार को नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर काम-काज की समीक्षा की। गौरतलब है कि मंत्रिमंडल विस्तार के बाद पशुधन एवं मछलीपालन विभाग मिलने के बाद यह मंत्री श्री नेताम की पहली बैठक है।

## मछलीपालन मंत्री नेताम ने अफसरों से की चर्चा

### मत्स्य संपदा योजना की समीक्षा

बैठक में मंत्री श्री नेताम ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को आय दोगुनी करने नवाचार के साथ ही तकनीकी उपयोग पर बल दिया है। छत्तीसगढ़ में भी मत्स्य पालक किसानों की आय को बढ़ाने के योजनाबद्ध तरीके से काम किया जाए। उन्होंने कहा कि केज कल्चर के जरिए मत्स्य पालन में छत्तीसगढ़ देश का अग्रणी राज्य है। उन्होंने नीलक्रांति योजना को बढ़ावा देने के साथ ही फिनफिश हैचरीज की स्थापना, मत्स्य बीज उत्पादन, नवीन तालाबों का निर्माण एवं मछली पालन, केज कल्चर, पंगेसियस हैचरी, तेलपिया कल्चर को बढ़ावा देने तथा राज्य तथा केन्द्र की योजनाओं का लाभ मत्स्य किसानों को पहुंचाने के निर्देश दिए। मछुआ समितियों को प्राथमिकता के तौर पर मछलीपालन के व्यवसाय से जोड़ने पर बल दिया। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार, पशुधन विभाग के संचालक चंद्रकांत वर्मा, मछलीपालन विभाग के संचालक नारायण सिंह नाग सहित इन विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



### गायों की करें सुरक्षा

श्री नेताम ने बैठक में कहा कि गाय हमारी आध्यात्मिक मान्यता के साथ ही मानसिक संवेदनाओं से जुड़ी हुई है। स्टेट व नेशनल हाइवे पर घूमंतु पशुओं की दुर्घटनाएं देखने को मिलती है, जो पीड़ादायक होती है। उन्होंने कहा कि स्टेट व नेशनल हाइवे में घूमंतु पशुओं की सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं में घायल पशुओं के उपचार की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र के आसपास घटित होने वाली पशु दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए नगरीय निकायों के समन्वय से सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किया जाना चाहिए।

### पशुपालकों को मिले लाभ

मंत्री श्री नेताम ने बैठक में कहा कि हर क्षेत्र का क्लाइमेंट अलग-अलग होता है। क्लाइमेट के अनुरूप पशुपालन, मुर्गीपालन, बकरीपालन एवं सुकरपालन की गतिविधियां संचालित की जाए, ताकि पशुपालकों को इसका बेहतर लाभ मिले। पशुपालकों को विभाग द्वारा प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पशुपालन के लिए सबसे महत्वपूर्ण चीज है, उनके लिए चारा की व्यवस्था करना, पशुओं को हरी घास मिले, इसके लिए योजना बनाई जाए। उन्होंने सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया और सूरजपुर जिले में स्लाइज उत्पादन पर भी जोर दिया। मंत्री श्री नेताम ने मत्स्य और पशुपालन किसानों को सहकारी समितियों से जोड़ने के निर्देश दिए।

## नगर निगम ने ऑनलाइन टेंडर कर रुचि की अभिव्यक्ति मंगाई

# मोवा में गारमेंट फैक्ट्री संचालन के लिए टेंडर की शर्त बदली, अब 500 महिलाओं को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मोवा क्षेत्र में बीएसएनएल आफिस के पास निर्मित नगर निगम की पहली गारमेंट फैक्ट्री संचालन के लिए टेंडर की शर्त में बदलाव किया गया है। चयनित एजेंसी अब 1 हजार की जगह 500 महिलाओं का चयन कर उन्हें सिलाई, बुनाई का निःशुल्क प्रशिक्षण देकर फैक्ट्री में रोजगार देगी, साथ ही प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षार्थी को प्रशिक्षण वृत्ति भी देनी होगी। यही नही, नई शर्त के मुताबिक सिलाई मशीन की खरीदी सहित अन्य संसाधन चयनित एजेंसी को खुद्र के खर्च पर जुटाना होगा, जबकि नगर निगम संबंधित एजेंसी को गारमेंट फैक्ट्री के लिए केवल जगह उपलब्ध कराएगा।

- **10 साल के लिए होगा ठेका, काम संतोषप्रद होने पर 5 साल के लिए मिलेगा एक्सटेंशन**

रायपुर नगर निगम महिलाओं को स्वावलंबी बनाने मोवा में निर्मित गारमेट फैक्ट्री संचालन के लिए एजेंसी तय करने की तैयारी में है। गारमेंट फैक्ट्री स्थापित करने नगर निगम ने ढाई साल पहले प्रथम चरण में 4 करोड़ रुपये खर्च शेड निर्माण, बाउंड्रीवाल, साइड रोड का निर्माण, गंदे पानी की निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम, परिसर में पानी की व्यवस्था और कर्मचारियों के लिए शौचालय का निर्माण करवाया है।

इसके अलावा आउटर के डेवलपमेंट का काम इसमें शामिल है। अब दूसरे चरण में गारमेंट फैक्ट्री शुरू करने पीपीपी मोड पर एजेंसी का चयन किया जाएगा। चयनित एजेंसी नगर निगम सीमा क्षेत्र में रहने वाली 500 महिलाओं का चयन कर उन्हें निःशुल्क प्रशिक्षण देने के साथ फैक्ट्री में रोजगार भी देगी। महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद की मार्केटिंग का जिम्मा अनुबंधित चयनित एजेंसी का रहेगा।

## सिलाई मशीन की खरीदी सहित अन्य संसाधन जुटाएगी एजेंसी



### महिला स्वावलंबन को मिलेगी दिशा

*नगर निगम की पहली गारमेंट फैक्ट्री का संचालन के लिए एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर कर रहे हैं। चयनित एजेंसी महिलाओं को सिलाई का नि:शुल्क प्रशिक्षण देकर उसी फैक्ट्री में रोजगार उपलब्ध कराएगी। इससे महिला स्वावलंबन को एक नई दिशा मिलेगी।*

*- **मीनल चौबे,** महापौर, नगर निगम रायपुर*

### 10 साल के लिए संचालन संधारण का ठेका

चयनित एजेंसी अनुबंध की शर्त के मुताबिक 10 साल तक गारमेंट फैक्ट्री संचालन व संधारण कार्य करेगी। इस अवधि में कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर संबंधित एजेंसी का अनुबंध 5 साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। नगर निगम को अनुबंधित एजेंसी केवल संबंधित जगह का किराया देगी।

### दंतेवाड़ा में डेनेक्स नाम से कपड़ों की ब्रांड

दंतेवाड़ा जिला प्रशासन ने वहां की महिलाओं के सहयोग से डेनेक्स नाम से कपड़ों का एक ब्रांड स्थापित किया है। यह अपनी तरह का एक अनूठा प्रयोग है। इसी थीम पर राजधानी रायपुर में नगर निगम द्वारा निर्मित प्रथम चरण में 500 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने गारमेंट फैक्ट्री पीपीपी मोड पर संचालन के लिए दिया जाएगा। महापौर मीनल चौबे की परिषद ने हाल ही में एमआईसी की बैठक में इसके संचालन के लिए एजेंसी तय करने संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।

# राज्य में 6 माह से प्रभारी डीजीपी के भरोसे पुलिस प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अशोक जुनेजा के डीजीपी पद से सेवानिवृत्ति के बाद राज्य में अब तक पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्ति नहीं हो पाई है। अरुण देव गौतम को 3 फरवरी को प्रभारी डीजीपी के रूप में पदस्थ किया गया था। राज्य शासन ने नियुक्ति के बाद यूपीएससी को डीजीपी के लिए चार आईपीएस का पैनल भेजा। यूपीएससी से स्पष्ट जवाब नहीं आने के कारण अब तक उनके पूर्णकालिक डीजीपी का आदेश नहीं हो पाया है। छत्तीसगढ़ में यह पहला अवसर होगा जब पैनल भेजे जाने के बाद डीजीपी की नियुक्ति नहीं हो पाई है। जुनेजा के डीजीपी पद से सेवानिवृत्ति के बाद केंद्र सरकार ने उन्हें एक्सटेंशन दिया। एक्सटेंशन खत्म होने के बाद राज्य शासन ने डीजीपी के लिए चार आईपीएस अधिकारियों का नाम यूपीएससी को भेजा गया है, इनमें पवनदेव, अरुणदेव गौतम, जीपी सिंह और हिमांशु गुप्ता के नाम शामिल थे।

- **डीजीपी के नामों का पैनल बनाने में देर के कारण नियुक्ति में देर**

### जीपी की एंट्री के बाद दोबारा पैनल बना

डीजीपी चयन का मामला पिछले छह महीने से मामला यूपीएससी में लटका हुआ था। इससे पहले एक बार डीपीसी हुई भी मगर जीपी सिंह की इंट्री के बाद फिर से कई तरह की जानकारियां यूपीएससी ने राज्य सरकार से मांगी। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व राज्य सरकार ने तीन नामों को पैनल भेजा था, जीपी सिंह के बहाल होने के बाद उनका नाम लिस्ट में वरिष्ठता के आधार पर तीसरे नंबर में जोड़ा गया।

### सलेक्शन कमेटी ने दो नाम तय किए

पूर्णकालिक डीजीपी के लिए यूपीएससी में सलेक्शन कमेटी की बैठक के बाद जीपी सिंह और पवन देव का का नाम हट गया था। अब हिमांशु गुप्ता और अरुण देव गौतम का नाम ही शेष रह गया था। उनमें से ही किसी एक को पूर्णकालिक डीजीपी बनाना था। यूपीएससी से स्पष्ट निर्देश प्राप्त न होने के कारण अब भी यह मामला अभी भी लटका हुआ है।

### यूपीएससी ने प्रभारी को किया मना

विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) में राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों को आईपीएस कैडर में पदोन्नति देने का निर्णय होता है। इसमें आमतौर पर राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी जैसे सदस्य शामिल होते हैं। यूपीएससी ने डीजीपी को डीपीसी में शामिल करने से मना कर दिया है, क्योंकि वे प्रभारी के रूप में काम कर रहे हैं।

# अंततः टीपीए चयन की टेंडर प्रक्रिया निरस्त, जिला स्तर के कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तारीख पर तारीख की तीन माह लंबी प्रक्रिया के बाद आयुष्मान योजना की राज्य नोडल एजेंसी ने टीपीए चयन की टेंडर प्रक्रिया को निरस्त कर दिया। शुरुआत में दो टीपीए कंपनी टेंडर में शामिल थी, मगर ऐन वक्त पर एक कंपनी द्वारा हाथ खींचने से सिस्टम गड़बड़ा गया। टेंडर निरस्त होने के बाद सीएमएचओ कार्यालय में योजना का काम देखने वाले कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले हो गई है। उनके पास अस्पतालों के क्लेम ऑडिट का पॉवर आ गया है।

- **पिछले तीन माह से चल रही थी प्रक्रिया, एक कंपनी ने हाथ खींचा**

सूत्रों के मुताबिक स्टेट नोडल एजेंसी की सीईओ की ओर से इस बारे में आदेश जारी कर दिया गया है। अनुमान है कि इसकी प्रक्रिया अगले माह से शुरू होगी और तब तक जिला स्तर के नॉन मेडिको कर्मचारी ऑडिट की जिम्मेदारी संभालेंगे। आयुष्मान योजना के अंतर्गत इलाज कराने वाले मरीजों के क्लेम प्रोसेसिंग के लिए एजेंसी तय की जाती है। पुरानी एजेंसी का काम मार्च महीने में समाप्त हो गया था और काफी समय तक वह एक्सटेंशन में काम कर रही थी। नोडल एजेंसी ने मई-जून माह में इसके लिए टेंडर जारी किया था मगर विभिन्न कारणों से इसकी तारीख आधा दर्जन से अधिक बार आगे बढ़ाई गई थी। अगस्त में तारीख आगे बढ़ाने का दौर चला और टेंडर में शामिल एक एजेंसी निविदा से अंतिम समय में हट गई थी। इसके बाद एक कंपनी के जरिए टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं होने की वजह से इसे निरस्त कर दिया गया।

# छत्तीसगढ़ मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष का पद 8 साल से खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष का नियमित पद पिछले 8 साल से खाली है। इस पद पर वर्तमान में कार्यवाहक के रूप सदस्य गिरधारी नायक संभाल रहे हैं। बताया गया है कि आयोग के नियमित अध्यक्ष के रूप में जस्टिस राजीव गुप्ता वर्ष 2012 से 2017 तक पदस्थ रहे। 2017 में उनके रिटायर होने के बाद से इस पद पर नियुक्ति नहीं हो पाई है। आयोग के अध्यक्ष के रूप में हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त चीफ जस्टिस की नियुक्ति का प्रावधान है।

- **अध्यक्ष न होने के बाद भी कार्यवाहक अध्यक्ष आयोग का संचालन व्यवस्थित तरीके से कर रहे हैं**

***कार्यवाहक अध्यक्ष दे रहे हैं सेवाएं :*** आयोग में व्यवस्था ये है कि यहां अध्यक्ष के साथ दो सदस्य होते हैं। इनमें एक पद न्यायिक क्षेत्र के अनुभवी जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्तर के सेवानिवृत्त न्यायाधीश होते हैं। सदस्य का दूसरा पद सामाजिक क्षेत्र से भरा जाता है। इस पद के लिए सेवानिवृत्त अधिकारी भी पदस्थ किए जाते हैं। यदि अध्यक्ष का पद खाली हो तो इस स्थिति में वरिष्ठ सदस्य को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया जाता है।

राज्य में अध्यक्ष का नियमित पद रिक्त होने की स्थिति में लंबे समय से वरिष्ठ सदस्य अध्यक्ष के रूप में सेवाएं दे रहें है। वर्तमान में कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में पूर्व आईपीएस गिरधारी नायक सेवाएं दे रहे हैं। जबकि दूसरे सदस्य के रूप में जस्टिस गोविंद मिश्रा हाल ही में पदस्थ किए गए हैं। खास बात ये है कि नियमित अध्यक्ष न होने के बाद भी कार्यवाहक अध्यक्ष आयोग का संचालन व्यवस्थित तरीके से कर रहे हैं।

# पत्नी के साथ आपत्तिजनक हालत में देखने के बाद सिर पर बत्ता से हमला कर मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र में हत्या कर लाश बोरी में भरकर खाली प्लाट में फेंकने के मामले को पुलिस ने चंद घंटों के भीतर सुलझा लिया है। हत्या के आरोप में पुलिस ने एक दंपति तथा एक अन्य को गिरफ्तार किया है। हत्या की वजह अवैध संबंध बताई जा रही है। रविवार दोपहर मृतक के साथ अपनी पत्नी को आपत्तिजनक स्थिति में देखने पर आरोपी ने युवक के सिर पर बत्ता से हमला कर मौत के घाट उतार दिया।

- **साक्ष्य छिपाने चेहरे को कपड़े में लपेटकर लाश बोरी में भर खाली प्लाट में फेंके**

एएसपी सिटी लखन पटले के अनुसार मूलतः ओडिशा, मलकानगिरी निवासी रामा माडे (35) की हत्या के आरोप में रावांभाठा निवासी कृष्णा बंजारे उसकी पत्नी सोनम तथा रामकृष्ण बंजारे उर्फ राजाराम को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार सोमवार रावांभाठा के मिलान बाड़ा स्थित खाली प्लाट में बोरी में लाश होने की सूचना मिलने पर पुलिस, क्राइम ब्रांच तथा एफएएसएल की टीम पहुंची। बोरी खोलने पर मृतक के हाथ, पैर बंधे मिले। मुंह तथा सिर पर सफेद कपड़ा लिपटा था। आसपास की फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों से मृतक की शिनाख्त कराई गई, तो मृतक के मेटल पार्क स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करने की जानकारी मिली।



### रविवार दोपहर की घटना

फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों से पूछताछ करने पर रामा की फैक्ट्री में काम करने वाली सोनम के साथ प्रेम प्रसंग तथा अवैध संबंध होने की जानकारी मिली। पुलिस ने सोनम से पूछताछ की, तो उसने बताया कि उसका संबंध रामा के साथ था। रविवार दोपहर रामा, सोनम से मिलने उसके घर गया था। इसी दौरान सोनम का पति घर पहुंच गया। अपनी पत्नी को रामा के साथ आपत्तिजनक हालत में देख कृष्णा ने गुस्से में आकर रामा के सिर पर लकड़ी के बत्ते से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया।

### देर रात बोरी में भरकर लाश फेंकी

रामा की हत्या करने के बाद सोनम ने अपने परिचित राजाराम को मदद के लिए घर बुलाया। इसके बाद सोनम उसका पति तथा राजाराम तीनों ने रामा की लाश को बोरी में भरने के पहले उसके हाथ पैर को रस्सी से बांध दिया। हाथ-पैर बांधने के बाद लाश को एक बोरी में भरकर कृष्णा तथा राजाराम देर रात एक खाली प्लाट में फेंका और आ गए।

# व्यापारियों को साइबर फ्रॉड से बचाव के बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

युवा कैट की बिजनेस मीट का आयोजन राजधानी में सोमवार को किया गया। इस मौके पर एसएसपी लाल उमेंद सिंह मुख्य अतिथि और ए ए स पी ट्रैफिक डॉ. प्रशांत शुक्ला वि शे ष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह ने व्यापारियों को साइबर फ्रॉड से बचाव और दुकानों की सुरक्षा के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में उन्होंने अपने उदबोधन में सुझाव दिया कि व्यापारी समाज कुछ स्वयंसेवक/वार्डन बनाकर लोगों तक ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता फैला सकते हैं।

- **युवा कैट बिज़नेस मीट में मुख्य अतिथि एसएसपी लाल उमेद सिंह, विशेष अतिथि एएसपी ट्रैफिक डॉ. प्रशांत शुक्ला रहे उपस्थित**



युवा कैट प्रदेश प्रभारी अवनीत सिंह, युवा कैट प्रदेश अध्यक्ष कांति पटेल, प्रदेश महामंत्री रतनदीप सिंह ने बताया कि युवा कैट द्वारा आयोजित बिज़नेस मीट में व्याायरियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।इस मौके पर अमित गुप्ता, भास्कर साहू, गिरीश पटेल,मितेश पटेल, बी एस परिहार, प्रकाश कोसारकर, प्रकाश मखीजा, प्रिंस जैन, रौनक पटेल, रोहित पटेल, सर्वेश दौलतानी, शैलेंद्र शुक्ला, तजीन्दर सैनी, त्रिलोचन साहू, विशाल वल्र्यानी सहित युवा कैट के सदस्य उपस्थित रहे।

# कछुआ चाल से चल रहा हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अप्रैल 2019 के पूर्व की गाड़ियों में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अनिवार्य रूप से हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य है। बावजूद इसके राज्य में हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने का काम कछुआ चाल की रफ्तार से चल रहा है। परिवहन विभाग के डेटा के मुताबिक राज्य में वर्ष 2019 के पूर्व पुरानी गाड़ियों की संख्या 52 लाख 48 हजार 476 है। उनमें से महज नौ लाख 41 हजार वाहन मालिक हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगवाने आवेदन दिया है, उनमें से छह लाख आठ हजार 413 गाड़ियों में एचएसआरपी लग पाया है।

- **साढ़े 52 लाख पुरानी गाड़ियों में से महज साढ़े नौ लाख वाहन मालिक नंबर प्लेट बदलने लगाए आवेदन**

पुरानी गाड़ियों में नंबर प्लेट लगाने का काम दो एजेंसियों को दिया गया है। परिवहन विभाग के अफसरों ने दोनों एजेंसी को नंबर प्लेट लगाने के साथ बनाने कर्मियों की संख्या बढ़ाए जाने निर्देश दिए हैं। राजधानी में एचएसआरपी लगाने का काम एक दिसंबर 2024 से शुरू किया है। एचएसआरपी लगाने की रफ्तार को देखते हुए नंबर प्लेट बदलने साढ़े चार वर्ष लगेगा।

### गणेश पर्व के बाद कार्रवाई

जिन पुरानी गाड़ियों में एचएसआरपी नहीं लगा है, उन वाहन मालिकों को अपनी गाड़ियों में एचएसआरपी लगवाने परिवहन विभाग तथा ट्रैफिक पुलिस ने अप्रैल में कार्रवाई शुरू की थी। कार्रवाई जुलाई तक जारी रहा। इस दौरान रक्षा बंधन तथा गणेश चतुर्थी में लोगों को परेशानी न हो इस बात को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई में थोड़ी ढिल दी गई। परिवहन विभाग के अफसरों के अनुसार जिन गाड़ी मालिकों ने अपनी गाड़ियों में नंबर प्लेट नहीं बदली है उन वाहन मालिकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी। इसके पूर्व तक उन्हें समझाइश देकर छोड़ा जा रहा था।




### मोबाइल नंबर अपडेट नहीं इसलिए हो रही देर

वर्ष 2019 के पूर्व वाहन खरीदने वाले ज्यादातर लोग अपने आरसी बुक में मोबाइल नंबर दर्ज नहीं करवाते थे। कुछ लोग आरसी बुक में अपने परिवार के लोगों के मोबाइल नंबर दर्ज करवाते थे। कई ऐसे भी वाहन मालिक हैं जिनका आरसी बुक में जो मोबाइल नंबर दर्ज है, उसे वो बंद कर कोई दूसरा नंबर चला रहे हैं, जिसे उन लोगों ने अब तक अपडेट नहीं कराया है। ऐसे वाहन मालिकों को अपना मोबाइल नंबर अपडेट करवाना पड़ रहा है। इस वजह से भी एचएसआरपी में देरी हो रही है।

### दर्ज संख्या में 25 प्रतिशत वाहन कंडम होने की आशंका

परिवहन विभाग के वेबसाइट में अप्रैल 2019 के पूर्व गाड़ियों की संख्या है, उनमें से 25 प्रतिशत गाड़ियां कंडम होने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं, जो अब सड़कों से गायब हो गई है। उन वाहन मालिकों द्वारा परिवहन विभाग को अपनी गाड़ियां कंडम होने की सूचना नहीं देने पर संख्या यथावत बनी हुई है। उनमें से ज्यादातर दोपहिया वाहन है। दोपहिया वाहन के मालिक अपनी गाड़ी कंडम होने के बाद नहीं चलाए जाने की स्थिति में इसकी जानकारी परिवहन विभाग को नहीं देते।

**खबर संक्षेप**

## समीर राष्ट्रीय पर्यावरण व खनिज संरक्षण मंच के बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**राजिम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पर्यावरण और खनिज संरक्षण की बहुआयामी योजना 'एक पेड़ मां के नाम' के प्रचार-प्रसार और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कार्यरत राष्ट्रीय पर्यावरण एवं



खनिज संरक्षण मंच ने महत्वपूर्ण संगठनात्मक बदलाव किया है। मंच के प्रदेश संगठन मंत्री नितिन शर्मा ने समीर शर्मा को इस संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय संयोजक रवि चाणक्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीनारायण आमेटा की सहमति और राष्ट्रीय सचिव प्रकाश शर्मा तथा राष्ट्रीय कोर कमेटी की अनुशंसा पर की गई है। समीर शर्मा, जो कि राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी कर्मचारी संगठन के विवेक शर्मा और शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्ष सुजाता शर्मा के सुपुत्र हैं, को इस नई जिम्मेदारी के लिए व्यापक बधाई मिली है। उनके मनोनयन पर भारत सरकार के केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव (पूर्व में जयंत यादव नाम से प्रकाशित) सहित विभिन्न संगठनों के राष्ट्रीय और प्रदेश पदाधिकारियों, परिवारजनों और शुभचिंतकों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस नई भूमिका में समीर शर्मा पर्यावरण और खनिज संरक्षण के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने का काम करेंगे।

## भाजपा मंडल ने गौधाम योजना का स्वागत किया

**मैनपुर।** भाजपा मंडल मैनपुर महामंत्री महेश कश्यप ने कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व



वाली सरकार प्रदेश के ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और पशुधन संरक्षण को नई दिशा देने के लिए गौधाम योजना की शुरूआत करने जा रही है। इस महत्वपूर्ण योजना से न केवल रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे बल्कि निराश्रित और घुमंतु गौवंशी पशुओ की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। श्री कश्यप ने कहा की यह योजना ग्रामीण जीवन को नई ऊर्जा देने वाली साबित होगी साथ ही ग्रामीणों को आर्थिक स्थिरिता और आत्मनिर्भरता प्राप्त होगी।

## सांसद की अनुशंसा पर 25 लाख रुपए की प्रशासनिक मिली स्वीकृति

**गरियाबंद।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी की अनुशंसा पर कलेक्टर बीएस उइके ने तीन निर्माण कार्यों के लिए 25 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार छुरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत साजापाली में सामान्य कार्य शेड निर्माण के लिए 10 लाख रूपये, ग्राम पंचायत मुरमुरा में झरझरा मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रूपये और ग्राम पंचायत कोसमबुड़ा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्यो के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व जनपद पंचायत छुरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा गया है।

## सुहागिन महिलाओं ने रखा तीजा व्रत

**महासमुंद।** हरितालिका तीज का पर्व मंगलवार को मनाया गया। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने उपवास रखकर सुबह से तीज माता की पूजा कर कथा श्रवण किया। इसके बाद माता से अमर सुहाग की कामना की। महादेव मंदिरों में दिनभर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। सुहागिन महिलाओं ने अपने सुहाग की रक्षा के लिए तीज माता का व्रत रखा। शाम के समय देवदर्शन कर मंगल गीत गाते हुए प्रसाद के रूप में आटे से निर्मित मैदा, बेसन, फल व मिठाइयों से तीज माता की पूजा-अर्चना कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। कौशल्या चंद्राकर ने बताया कि यह व्रत सनातन काल से चला आ रहा है, जो अखंड सौभाग्य का रक्षक है। इस दिन विधि विधान से व्रत रखने, शिव-पार्वती की पूजा अर्चना कर उनकी कथा सुनने से अखंड सौभाग्य प्राप्त होता है। हरियाली तीज का पर्व हिंदू धर्म को मानने वाली महिलाओं के लिए बेहद खास है।

### पर्व : पति की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला उपवास

# तीजा पर्व पर घर लौटीं बेटियों से गुलजार हुए मायके, झूलों व गीत-संगीत से गूंजे आंगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भादो महीने का तीजा पर्व जिलेभर में बेहद उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। यह पर्व जहाँ धार्मिक आस्था का प्रतीक है, वहीं मायके लौटी बेटियों से घर-आंगन में रौनक बढ़ गई। गांवों में पारंपरिक उल्लास और सामाजिक मेलजोल का खूबसूरत नजारा देखने को मिला। परंपरा अनुसार, मंगलवार को सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जला उपवास रखा। पर्व की तैयारी एक दिन पहले, सोमवार को, 'करू भात' की रस्म से शुरू हुई। इस दौरान करेले की सब्जी और चावल का विशेष भोजन ग्रहण कर व्रत की तैयारी की गई। मंगलवार को महिलाओं ने दिनभर भगवान शिव-पार्वती की आराधना की। सुबह से ही वे पारंपरिक वेशभूषा, जैसे हरी साड़ी और लाल चुनरी, पहनकर मंदिरों और पूजा स्थलों पर जुटीं। वहां उन्होंने व्रत कथा सुनी और भजन-कीर्तन में हिस्सा लिया। शाम के समय, सामूहिक रूप से भगवान शिव-पार्वती की पूजा कर परिवार की खुशहाली और पति की दीर्घायु की कामना की गई।

तीजा पर्व के मौके पर गांवों के घर-आंगन खास बन गए। पेड़ों और घरों में झूले सजाए गए, जिन पर महिलाएं झूला झूलते हुए पारंपरिक तीजा गीत गाती रहीं। मायके लौटी विवाहित बेटियों का परिवारों ने विशेष स्वागत किया, जिससे घरों में खुशियां और चहल-पहल बढ़ गई। यह पर्व केवल व्रत और पूजा तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने सामाजिक एकता और रिश्तों को मजबूत करने का भी काम किया। महिलाएं एक-दूसरे से मिलकर गीत-संगीत और लोक परंपराओं के साथ इस त्यौहार का आनंद लेती रहीं। कई गांवों में सामूहिक भोज और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिससे उत्सव की भावना और भी गहरी हो गई।



## मायके लौटे माताओं-बहनों से घरों में रौनक

**नवापारा-राजिम।** प्रदेश में तीज का महापर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। साल भर इस पर्व का इंतजार करने वाली माताओं और बहनों के मायके लौटने का सिलसिला अष्टमी से ही शुरू हो गया था। इस पर्व पर महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए निर्जला व्रत रखती हैं और भगवान शिव की आराधना करती हैं। तीज पर्व के कारण बाजारों में भी खासी रौनक देखने को मिल रही है। साड़ी, चूड़ी और फैंसी दुकानों के साथ-साथ सोने-चांदी की दुकानों में भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है।

**योगिता सिन्हा वरिष्ठ भाजपा नेत्री :** उन्होंने तीज को त्याग, तपस्या एवं भक्ति का महापर्व/" बताया। उन्होंने कहा कि यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र पर्व है, जिसका महिलाओं को साल भर इंतजार रहता है, और बेटियों के आगमन से घरों में उत्सव जैसा माहौल बन जाता है।



**ओमकुमारी साहू नपा अध्यक्ष :** उन्होंने तीज को महिलाओं के सम्मान और छत्तीसगढ़ी संस्कृति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह पर्व शादी के बाद भी महिलाओं को मायके में सम्मान दिलाता है और हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान है।



**संध्या राव नवापारा नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष :** उन्होंने तीज को मायके के प्रति प्रेम और संवेदना का त्यौहार कहा। उन्होंने बताया कि यह अपनी बचपन की यादों को ताजा करने और मां के हाथ के व्यंजनों का स्वाद लेने का पर्व है। उन्होंने यह भी बताया कि इस दिन 16 श्रृंगार का विशेष महत्व है। सभी नेताओं ने तीज पर्व पर सभी महिलाओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनकी खुशहाली की कामना की।



## तीज नारी शक्ति और पारिवारिक एकता का है पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा/बेलर

हरतालिका तीज का पर्व, जो कि धार्मिक आस्था के साथ-साथ पारिवारिक और सामाजिक महत्व भी रखता है, छुईहा और बेलर क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। यह पर्व न केवल पति-पत्नी के बीच प्रेम और समर्पण का प्रतीक है, बल्कि इसमें नारी शक्ति की दृढ़ इच्छाशक्ति और तपस्या का संदेश भी निहित है। महिलाओं ने पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए इस दिन निर्जला उपवास रखा। पर्व की शुरुआत सोमवार को रात्रि में 'करेला करु भात' से हुई, जिसके बाद मंगलवार को दिन और रात भर कठिन व्रत का पालन किया गया। आज, बुधवार को, महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना के बाद अपना व्रत खोलकर प्रसाद ग्रहण करेंगी। तीज के अवसर पर महिलाओं ने नए वस्त्र, गहने और मेहंदी से श्रृंगार किया। पारंपरिक तीज के गीत, नृत्य और झूले उत्सव के खास आकर्षण रहे, जिन्होंने पूरे माहौल को रंगीन बना दिया। विवाहित महिलाओं के साथ-साथ अविवाहित कन्याओं ने भी अच्छे वर की कामना के लिए यह व्रत किया। हरतालिका व्रत करने अपने मायके पहुंची कई महिलाओं, जैसे कुसुम साहू, टीके साहू, प्रभा सिन्हा, लेखनी यादव, उमा साहू, गोदावरी साहू, कमला साहू, प्रीति, रूखमणि, उषा, प्रमिला, केशर, कुसुम, शोहद्रा और सुखबति** ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि यह पर्व उन्हें अपनी जड़ों और परिवार से फिर से जोड़ता है। क्षेत्र के कथावाचक व पूरोहित पं त्रिभुवन मिश्रा ने कथा के माध्यम से बताया कि एक बार भगवान शंकर माता पार्वती से बोले कि तुमने पर्वतराज हिमालय पर स्थित गंगा के तट पर अपनी बाल्यावस्था में बारह वर्षों तक घोर तपस्या की थी।



तुम्हारी इस तपस्या को देखकर तुम्हारे पिता दुखी थे कि एक दिन नारदजी तुम्हारे घर पधारे।

# बकली में हुई विविध स्पर्धाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

ग्राम बकली में बहनों ने मनोरंजन के लिए तीजा पोरा महोत्सव के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर बहनों को प्रोत्साहित करने के लिए विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया तथा युवा समिति द्वारा करूभात भी खिलाया गया। प्रतियोगिता में मटकी फोड़, कुर्सी दौड़, फुगड़ी, कबड्डी, गरबा खेल शामिल किए गए थे। सोमवार को दिन भर चले इस प्रतियोगिताओं में बहन





बेटियों के साथ ग्राम की बहूओं ने भी जमकर भागीदारी निभाते हुए माहौल को काफी रोमांचक बना दिया। मटकी फोड़ में भगवती यादव विजेता हुई, कुर्सी दौड़ में जमुना साहू प्रथम एवं पूजा साहू द्वितीय स्थान पर रही। फुगड़ी में मनीषा साहू प्रथम स्थान एवं कबड्डी में दुर्गा साहू प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान युवा समिति के सदस्य चंद्र प्रकाश सेन, ओमप्रकाश साहू, डॉ. नरोत्तम साहू, टीकम साहू, पुरुषोत्तम साहू, हरिश्चंद्र साहू, प्रांशु सेन, सुभाष साहू, भैयालाल साहू, बल्लू साहू ने बताया कि बहन, बेटियों के मनोरंजन के उद्देश्य से तीज पर्व के अवसर पर करूभात खिलाया गया तथा युवा समिति द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

# पीएम मोदी का कार्यकाल देश के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा : अनिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भाजपा गरियाबंद जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर आज सोमवार को बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मैनपुर, गोहरापदर, देवभोग क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जगह-जगह आत्मीयता से स्वागत किया गया। देर शाम मैनपुर पहुंचे जिला अध्यक्ष का मैनपुर मे स्वागत किया गया। इस दौरान लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया पार्टी संगठन को मजबूत करने के संबंध में चर्चा किया गया इस दौरान गणेश उत्सव समिति हरदीभाठा को जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने अपने तरफ से भगवान गणेश की प्रतिमा भेट किया साथ ही क्षेत्र से पहुंचे लोगो की समस्याओं को भी सूना। इस दौरान जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा आज पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ताओं के कड़ी मेहनत और संघर्ष के दम पर पंचायत से लेकर प्रदेश व देश में भाजपा की सरकार है और सत्ता में आने के बाद भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बढ़ी है कि केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियो को आम जनता तक पहुंचाकर अधिक से अधिक लोगो को इसका लाभ मिले। पार्टी में एक -एम



कार्यकर्ताओं का महत्व होता है और भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है किसानो को आर्थिक रूप से मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता में है केन्द्र और राज्य सरकार लगातार किसानो के हित में योजनाएं बनाकर किसानो को लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रही है। विष्णुदेव सरकार की योजनाओ का लाभ गांव के अंतिम छोर के व्यक्ति तक मिल रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 11 साल सिर्फ सत्ता का नही बल्कि सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहा प्रधानमंत्री मोदी सरकार ने भारत को बदलने का काम ही नही किया बल्कि उसे पूरे दुनिया मे सम्मान दिलाने का कार्य भी किया श्री मोदी के 11 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहा देश के इतिहास मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरो मे लिखा जायेगा। उन्होने आगे कहा प्रधानमंत्री आवास योजना सरकार के इतना महत्वपूर्ण योजना है जो गरीबो के सपनो को साकार कर रहा है प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दूरस्थ वनांचल क्षेत्रो के ग्रामो में पक्का मकान का निर्माण किया जा रहा है जिसके कारण लोगो के चेहरे में खुशी देखने को मिल रही है। महतारी वंदन योजना से ग्रामीण इलाको से लेकर शहरी क्षेत्रो में माताओ और बहनो को आर्थिक रूप से सक्षम हुए है। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, महामंत्री महेश कश्यप, घनश्याम मरकाम, बिन्द्रानवागढ़ मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा, मनीष सोनी, अभिषेक गुप्ता, हरजिन्दर सिंह, सरीज साहू, रजनीश दीवान, मनोज निर्मलकर, हरीश यादव, तिजेश्वर पटेल, महेश पटेल, केशव पटेल, लोचन साहू, गज्जु साहू, अंकित साहू एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आयोजन में बड़ी संख्या में माताएं, बहनें और ग्रामीण उपस्थित रहे

# पाटसिवनी में पोरा त्योहार पर हुई बैल सजाओ स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहार पोरा के उपलक्ष्य में, अंचल के गांव पाटसिवनी में गाँव सियान समिति द्वारा पहली बार बैल सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अनूठे आयोजन में समस्त ग्रामवासियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और इसे सफल बनाया। यह कार्यक्रम गांव के गौशाला चौक में आयोजित किया गया था, जिसमें चार किसान, टिकेश्वर मांडले, किशन दिवान, प्रवीण निर्मलकर और कामता दीवान, अपने बैल-जोड़ियों को आकर्षक ढंग से सजाकर लाए थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पटेल अमर सिंह जाट थे। सबसे पहले, बैल-जोड़ियों का मुख्य अतिथि, गांव सियान समिति के पदाधिकारियों और अन्य वरिष्ठजनों द्वारा पूजन-अर्चन किया गया। प्रथम पुरस्कार 301 टिकेश्वर मांडले की बैल-जोड़ी। द्वितीय पुरस्कार 201 किशन दीवान की बैल-जोड़ी को दी गई। इस आयोजन में बड़ी संख्या में माताएं, बहनें और अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। गांव सियान समिति के अध्यक्ष अजीत सिंह जाट




की पहल पर आयोजित इस पहले पारंपरिक आयोजन की सभी ने खूब प्रशंसा की। लोगों ने इस तरह के आयोजनों के लिए समिति को साधुवाद दिया और भविष्य में भी ऐसे ही पारंपरिक त्योहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। समिति ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में सहयोग की अपेक्षा की। क्षेत्र में अपनी तरह के इस पहले आयोजन की हर तरफ चर्चा हो रही है।

